पत्रिका

#bigissue: बदहाल सड़कें और गड्ढों पर डिवीजन बेंच ने की सुनवाई

# अशोक नगर और अपोलो की सड़क का निर्माण कब होगा पूरा: हाईकोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

पत्रिका कोर्ट न्यूज

**बिलासपुर.** अशोक नगर और अपोलो हॉस्पिटल जाने वाली जर्जर सड़क पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अपोलो रोड का निर्माण शुरू किया है, लेकिन इस सड़क पर गड्ढों की भरमार है जो बारिश में भर गए हैं। अशोकनगर रोड लंबे समय से जर्जर है, जिसका निर्माण या मरम्मत नहीं हो रही है। कोर्ट ने पूछा है कि इन सड़कों का निर्माण कब तक पूरा होगा?

सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की स्पेशल डिवीजन बेंच ने कहा कि बिलासपुर और आस-पास की लोक निर्माण विभाग की सडकों की हालत बहुत खराब है। इसके साथ ही अशोक नगर में सडक पर बड़े गडढ़े हैं इनका क्या किया जा रहा है। इस मामले में 25 जुलाई को फिर सनवाई होगी।



## अशोक नगर की सड़क बदहाल, निर्माण नहीं

अशोकनगर चौक से बिरकोना तक की सड़क की बदहाली पर भी कोर्ट ने सवाल उठाए। यह रास्ता दर्जनों शैक्षणिक संस्थानों, रिहायशी क्षेत्र से होकर गुजरता है। यही वजह है कि इस मार्ग को बनाने के लिए सालों से मांग हो रही है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारी इसकी ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। हर दिन हजारों लोगों का आना-जाना होता है। बारिश होने पर सड़क पर बने बड़े- बड़े गड्ढे भर गए हैं, जिससे हादसे का खतरा है। लोग आए दिन इस सड़क पर गिर पड़ रहे और चोटिल हो रहे हैं।

## अपोलो रोड निर्माण शुरू, पर मुसीबत कम नहीं

सुनवाई के दौरान निगम की ओर से बताया गया कि बसंत विहार चौक से अपोलो अस्पताल तक जाने वाली सड़क को चौड़ा करने का काम हाईकोर्ट के निर्देश पर किया जा रहा है। निगम ने अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू कर दिया है और 6 मई को वर्कऑर्डर भी जारी किया गया है। सड़क 80 फिट चौड़ी होगी और दोनों तरफ नाली बनाई जा रही है। निगम के मुताबिक बसंत विहार चौक से मानसी गेस्ट हाउस होते हुए रपटा तक की सड़क को भी चौड़ा किया जाएगा। अतिक्रमण हटाने से पहले प्रभावित लोगों को योजना के आवास में वैकल्पिक जगह दी गई है।